तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026



11 सुशासन तिहार बना जनविश्वास का सशक्त...





12 खरीफ के लिए समितियों में 28 हजार 899 मेट्रिक टन...






## खबर संक्षेप

### दिशा समिति की प्रथम बैठक आज

**बलौदाबाजार।** वर्ष 2026 की प्रथम जिला विकास समन्दय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 14 मई को अपरान्ह 3 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में नियत की गई है। बैठक में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता एवं सांसद लोकसभा क्षेत्र-रायपुर बृजमोहन अग्रवाल की सह-अध्यक्षता होगी। दिशा समिति की बैठक उपरांत सड़क सुरक्षा समिति एवं जीवन दीप समिति की बैठक भी होगी। बैठक में एजेंडा अनुसार अपने विभाग से संबंधित विभागीय जानकारी के साथ नियत समय पर उपस्थित होने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।

### परगिया कुर्मी समाज की बैठक आज

**मुंडा।** ग्राम पंचायत मुंडा के में रोड में सामाजिक भवन में छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज की आज दोपहर में बैठक रखी गयी है। बैठक 12 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें सामाजिक वार्षिक अधिवेशन के संबंध में चर्चा की जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने समाज के लोगों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### श्री वैष्णव महासभा की बैठक कल

**पलारी।** श्री वैष्णव महासभा जिला बलौदाबाजार की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार 15 मई को रखी गई है। बैठक प्रातः 10 बजे से कुंती पब्लिक स्कूल पलारी में आयोजित होगी। महासभा के सभी पदाधिकारियों सदस्यों एवं समाजजनों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की गई है। उक्त आशय जानकारी रामरंग वैष्णव द्वारा प्रदान की गई है।

### 20 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**भटगांव।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत भटगांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शराब को अपने घर के पीछे बाड़ी में छिपा कर रखा था। पुलिस को 13 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सलोनीकला (सबरिया डेरा) निवासी एक व्यक्ति अपने मकान के पीछे भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर बिक्री की फिराक में है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी नरसिंह गोड़ 20 वर्ष पिता रामकुमार गोड़ को रंगे हाथों पकड़ा। तलाशी के दौरान उसकी बाड़ी से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2,000 आंकी गई है। पुलिस ने गवाहों के समक्ष शराब को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### डाक अदालत 20 मई को, सुलझेंगी समस्याएं

**रायपुर।** प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर द्वारा स्टेशन रोड स्थित रायपुर गंज उपडाकघर परिसर के कार्यालय में 20 मई को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा करके उनका समाधान करने के लिए किया जाएगा। 'डाक अदालत' सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक लगाई जाएगी।

# सुशासन तिहार के शिविर में प्राप्त आवेदनों में 450 का तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सुशासन तिहार अंतर्गत बुधवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत चिचिरदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिचिरदा सहित 17 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। इस दौराण लगभग 1145 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 450 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास क़ी चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिक़ी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को फलदार पौधे,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्र्स किट शामिल हैं।विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गये स्टॉल में लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई म इसके साथ ही मंच से बारी बाटी से विभागीय गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत चिचिरदा के साथ ही विकासखण्ड सिमगा के ग्राम जांगड़ा में भी शिविर आयोजन हुआ। इसके साथ ही 7 नगरीय निकायों में भी शिविर आयोजित हुआ।

**जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को बांटे सामग्री व चेक**



## एक्शन : हरिभूमि के खबर पर हुई कार्रवाई

# अवैध रेत उत्खनन पर सरपंच को बर्खास्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

तहसील से लगे ग्राम पंचायत तिल्दा में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन को ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव द्वारा बढ़ावा देने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में की थी, जिसे हरिभूमि ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था, जिसके तहत कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में तहसील लवन के ग्राम तिल्दा के महानदी में अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग द्वारा विगत गुरुवार को निरीक्षण किया। मौक़े पर अवैध उत्खनन या परिवहन होना नहीं पाया गया, लेकिन मौके पर उत्खनन करने के उद्देश्य से नदी में पहुंचने हेतु रैम्प का निर्माण होना पाया गया, जिसे जेसीबी मशीन से काटकर मार्ग अवरूद्ध किया गया, ताकि भविष्य में रेत की चोरी ना हो सके।

खबर का असर



तस्करी सुबह 4 से 8 बजे तक और शाम 6 बजे के बाद

महानदी किनारे तिल्दा में रेत का अवैध काला कारोबार, शासन को लग रहा लाखों का चूना

बड़ी कार्रवाई करेंगे

टास्क फोर्स की विफलता और आरटीओ पर सवाल



जांच के दौरान मौके पर उपस्थित ग्रामीण सुरेश डहरिया, विष्णु डहरिया, चिंतामणी घृतलहरे, सत्या डहरिया एवं दीप सिंह डहरिया द्वारा बताया गया कि गांव का सरपंच द्वारा प्रति ट्रैक्टर रेत भरने के एवज में 200 रुपए ट्रैक्टर चालकों से वसूल किया जाता है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिला खनिज विभाग द्वारा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-40 के तहत सरपंच ग्राम पंचायत तिल्दा के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने जिला पंचायत एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखा गया।

### जांच के दौरान 4 ट्राली सहित ट्रैक्टर जब्त

उक्त मामले को लेकर हरिभूमि ने समय समय पर लगातार जिला प्रशासन को खबर प्रकाशित कर अवगत कराते हुए कार्रवाई किये जाने की लेख प्रकाशित करते रहा है, जिसके परिणामस्वरूप उक्त बड़ी कार्रवाई निकल कर सामने आयी है। खबर प्रकाशित होते ही उसी दिन 29 अप्रैल को तिल्दा क्षेत्र का जांच की गई, जांच के दौरान 4 ट्राली सहित ट्रैक्टर नदी क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, निकासी के दृष्टिकोण से रेत लोड करते पाये गये। उत्खननकर्ताओं के पास वैध खनिज अनुमति दस्तावेज, अभिवहन पारपत्र नहीं होने के फलस्वरूप वाहनों को खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा-21 (4) सहपठित छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम-71 एवं छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009 के नियम-4(3) के तहत जब्त कर थाना लवन में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया जाकर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया।

# अंधड से टूटे बिजली के तार प्रभावित रही रेलवे की सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

बुधवार शाम 4 बजे अचानक शहर के मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से ही तेज धूप व गर्मी के बाद मौसम बदल गया और तेज हवा और अंधड चलने लगी। इसी के साथ बादलों की तेज गड़गडाहट और बिजली की चमक के साथ हल्की बारिश भी शुरू हो गई। हालांकि बारिश तेज तो नहीं थी, फिर भी 15 से 20 मिनट हल्की बारिश हुई। वहीं लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय तक तेज हवा के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। तेज हवा के चलते पेड़ की डंगाल फ्लैश फटकर बिजली लाइन में गिर जाने से विद्युत ⏩ शेष पेज 10 पर

### आंधी से बिजली तारों पर गिरे पेड़, बंद रही सप्लाई



**बगबुड़ा।** अंचल के बगबुड़ा, लवन, धाराशिव, दतान, खैरा, तुरमा, कोरदा, अहिल्दा, कोहरौद, कोलिहा, मुंडा, सहित इलाके में दिनभर की गर्मी और उमस के बाद शाम को तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई। जहां बारिश से लोगों को राहत मिली, तापमान में गिरावट और किसानों के लिए भी फसलों को नमी मिलने से फायदा होने की उम्मीद है। इलाके में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। दिनभर धूप-छांव और गर्मी के बाद शाम होते ही तेज गर्जना और हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं तेज अंधड़ से जगह-जगह बिजली के तारों पे पेड़ पौधे के गिरने से बिजली गुल रहे। जिससे विद्युत विभाग के कर्मचारी परेशान रहे।

# चोरी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से दबोचा

शहर के बजरंग चौक इलाके में एक सूने मकान का टिन शेड उखाड़कर चोरी करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी का कुछ सामान और नगदी बरामद की है। प्रार्थिया सोनाली जायसवाल ने पुलिस को दी अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह 21 अप्रैल को किसी काम से कटघोरा (कोरबा) गई हुई थीं। जब वह 8 मई की सुबह वापस लौटीं, तो उन्होंने देखा कि उनके घर की छत पर लगा टिन का शेड मुड़ा हुआ था। घर के भीतर अलमारी का दरवाजा खुला था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और घर में रखा गैस सिलेंडर पार कर दिया था। चोरी गए मशरूका की कुल कीमत लगभग 67,500 आंकी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें एक संदिग्ध युवक मकान के आसपास घूमता नजर आया। संदिग्ध की पहचान लकेश्वर धृतलहरे उर्फ सोनू 22 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार के रूप में हुई। हिरासत में लेकर की गई पूछताछ में आरोपी लकेश्वर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि 7 मई की रात मकान को सूना पाकर ⏩ शेष पेज 10 पर




# रास्ता पूछने के बहाने लूट करने वाला तीसरा आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

रास्ता भटकने पर मदद मांगना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया, जब बदमाशों ने रास्ता दिखाने के बहाने उन्हें सुनसान जगह ले जाकर मारपीट की और लूट लिया। पलारी पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे तीसरे और मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

घटना 7 मई की है। महासमुंद जिले के ग्राम भोरिंग निवासी चंद्रभान आवडे अपनी बेटी से मिलने ग्राम नवागांव जा रहे थे। ग्राम जंगलोर के पास वह रास्ता भटक गए और वहां खड़े कुछ युवकों से नवागांव का पता पूछा। आरोपियों ने मदद का भरोसा देते हुए उन्हें अपनी मोटरसाइकिल के पीछे-पीछे आने को कहा। रात करीब 11.30 बजे जंगलोर के गौटिया तालाब के पास आरोपियों ने चंद्रभान को रोक लिया। वहां आरोपियों ने बुजुर्ग को डरा-धमकाकर बेल्ट से जमकर मारपीट की और उनका मोबाइल व 8,000 नगद लूटकर फरार हो गए। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने धारा 309(6) का मामला दर्ज किया था। पलारी पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने बीट प्रणाली और सूचना तंत्र की मदद से पूर्व में दो आरोपियों को पकड़ लिया था, लेकिन आरोपी अमन कुमार खंडेलवाल 22 वर्ष फरार था। लगातार दी जा रही दबिश के बाद पुलिस ने अमन को हिरासत में लिया, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने पूरे प्रकरण में आरोपियों के कब्जे से लूट का मोबाइल फोन, नगदी 3,000 रुपए और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर सीजी 22 एई 6081 को जब्त किया है। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी पूर्ण हो चुकी है। आरोपी अमन कुमार खंडेलवाल को आज 13 मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



## किसानों को खेती-किसानी में आयेगी दिक्कतें, आम जनजीवन भी होगा प्रभावित

# संडी बंगला में डीजल संकट गहराया, पेट्रोल पंपों में दिखी लंबी लाइन



हरिभूमि न्यूज ⏭ संडीबंगला

बलौदाबाजार समेत पूरे संडी क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की किल्लत से आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार सुबह से ही शहर के कई पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी लाइने देखने को मिली। खेती-किसानी के इस अहम समय में ईंधन की कमी ने ग्रामीण जनजीवन और स्थानीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार थाम दी है। बुधवार शाम क्षेत्र के एचपी पेट्रोल पंप पर अव्यवस्था और परेशान लोगों की भीड़ ने हालात की गंभीरता में डाल दी है। डीजल मिलने की उम्मीद में बुधवार दोपहर से ही लोग पेट्रोल पंप पहुंचने लगे थे। शाम तक ट्रैक्टरों, ट्रकों और दोपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति ऐसी हो गई कि मुख्य मार्ग पर यातायात भी प्रभावित होने लगा। तेज धूप और उमस के बीच सैकड़ों किसान प्लास्टिक के डब्बे और गैलन लेकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई वाहन चालकों ने बताया कि वे घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद डीजल नहीं भरवा पाए।

### खेती-किसानी पर मंडराया संकट

डीजल की कमी का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। इस समय खेतों की जुताई, सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर और पंपिंग सेट बेहद जरूरी हैं। समय पर डीजल नहीं मिलने से कई गांवों में खेती का काम प्रभावित हो गया है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है

# पिता की हत्या का आरोपी पुत्र गिरफ्तार, जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसा

प्रार्थी जीवनलाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 मई की दोपहर करीब 3.30 बजे ग्राम चपरीद के मास्टर चौरा के पास मृतक जहरूराम साहू व अन्य लोग बैठे थे। तभी मृतक का बेटा युवराज साहू साइकिल से पहुंचा और अपने पिता को गालियां देने लगा। मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी जीवनलाल और अपने पिता जहरूराम के सिर व चेहरे पर बीयर की खाली बोतल से वार किया और साइकिल उठाकर पिता पर पटक दी। गंभीर रूप से घायल जहरूराम साहू की इलाज के दौरान सरकारी अस्पताल आरंग में मृत्यु हो गई।

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपी युवराज साहू 45 वर्ष निवासी चपरीद ने बताया कि पूर्व में पिता से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद था। पिता ने उसकी झूठी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी, जिसकी पेशी चल रही है। हाल ही में जमीन बिक्री के बाद पिता से हिस्सा मांगने पर नहीं देने से विवाद हुआ। 10 मई को गाली-गलौज के बाद गुस्से में आकर उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपी युवराज साहू को 12 मई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया है।



# तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को 12.26 करोड़ की छात्रवृत्ति वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार वनांचल एवं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। इसी क्रम में नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा संचालित "छात्रवृत्ति योजना" अंतर्गत 8,631 प्रतिभावान विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से 12 करोड़ 26 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति राशि वितरित की।

वन मंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, उनके दिशा-निर्देश में राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और शिक्षा का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, वनांचल के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा, राज्य शासन का उद्देश्य केवल लघु वनोपज संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि वनाश्रित परिवारों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना भी है। छात्रवृत्ति योजनाएं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को आत्मविश्वास, अवसर और नई दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा, राज्य सरकार शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में गंभीरता से कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ वनवासी एवं श्रमिक परिवारों को मिल रहा है।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा सशक्तिकरण की बड़ी पहल- कश्यप

### तेंदूपत्ता संग्रहण से भारतीय वन सेवा तक, अजय गुप्ता बने प्रेरणा

तेंदूपत्ता संग्रहण से भारतीय वन सेवा तक का सफर तय करने वाले अजय गुप्ता आज हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनकी शिक्षा यात्रा को निरंतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा पूरी की और आगे चलकर भारतीय वन सेवा जैसी प्रतिष्ठित सेवा में चयनित होकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।




### चार प्रमुख श्रेणियों में दी गई छात्रवृत्ति

छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में लाभान्वित किया गया, जिनमें, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, प्रतिभाशाली छात्रों हेतु शिक्षा प्रोत्साहन योजना, व्यावसायिक शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना, गैर-व्यावसायिक शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ व्यावसायिक एवं गैर-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### श्रेणीवार लाभार्थियों एवं राशि का विवरण

मेधावी योजना में 1,639 लाभार्थी को 44.85 लाख, प्रतिभाशाली योजना 6,133 लाभार्थी को 11.39 करोड़, व्यावसायिक शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में 71 लाभार्थी, को 6.15 लाख और गैर-व्यावसायिक शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में 788 लाभार्थी को 35.72 लाख। इस प्रकार कुल 8,631 विद्यार्थियों को 12,26,07,500 की राशि स्वीकृत एवं वितरित की गई।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्य मंत्री पासवान दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर



**रायपुर।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान 13 और 14 मई को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। वे इस दौरान राज्य में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव की समीक्षा करेंगे। अपने प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नया रायपुर में ग्रामीण विकास मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। समीक्षा के दौरान योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने, अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूत करने तथा ग्रामीण अधोसंरचना विकास में तेजी लाने पर विशेष जोर रहेगा।

### सीजीएमएससी के अफसरों के खिलाफ जांच की मांग

**रायपुर।** पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि सीजीएमएससी के दोषी अधिकारियों द्वारा लगातार दवाइयों के नाम पर किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर रायपुर कमिश्नर संजीव शुक्ला से कल सुबह 11 बजे एक प्रतिनिधिमंडल मंडल दोषियों के खिलाफ जांच की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराने पहुंचेगा। श्री उपाध्याय सोमवार को राजधानी रायपुर के सीजीएमएससी के वेयर हाउस और हमर अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंचे हुये थे। वहां काफी ज्यादा एक्सपायरी दवा का जखीरा मिलने पर उन्होंने सीजीएमएससी के अधिकारियों को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि राजधानी के अस्पतालों में एक्सपायरी व कम अवधि वाली दवाइयों की सप्लाई और खरीदी से जुड़े गंभीर मामले फल-फूल रहे हैं।

### पेंशन प्रकरण रुके तो अधिकारियों पर कार्रवाई



**रायपुर।** शिक्षा विभाग के पेंशन प्रकरणों के लंबित होने पर जिला प्रशासन द्वारा नाराजगी जताई गई है। संबंधित सेक्शन प्रभारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ.सिंह ने कहा, सभी विभाग के पेंशन के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। प्रकरण लंबित रहने की स्थिति में जिला शिक्षा कार्यालय के संबंधित सेक्शन प्रभारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### रूद्र सेना की पहली प्रदेश स्तरीय बैठक 15 को

**रायपुर।** रूद्र सेना के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आलोक पांडे के नेतृत्व में संगठन की पहली बड़ी प्रदेश स्तरीय बैठक 15 मई को होने जा रही है। यह महत्वपूर्ण बैठक ऐतिहासिक नर्मदा कुंड रेलवे स्टेशन रोड के पास आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर के 32 जिलों से धर्मावलंबी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और प्रमुख सदस्य शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेशाध्यक्ष आलोक पांडे ने देते हुए बताया कि बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों को लेकर भी विशेष चर्चा की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ निर्वाणी अखाड़ा के प्रमुख सुरेंद्र दास महाराज की विशेष उपस्थिति रहेगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के खिलाफ लाया जाएगा निंदा प्रस्ताव

# आज भाजपा की कार्यसमिति, विधानसभा चुनाव 2028 के लिए भी बनेगी अभी से रणनीति

### नक्सलवाद के खात्मे पर केंद्र और राज्य सरकार के लिए लाया जाएगा धन्यवाद प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन अभी से विधानसभा 2028 के चुनाव पर फोकस करने की तैयारी में है। करीब पौने दो साल बाद भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बुधवार को 10 बजे से होगी। इस कार्यसमिति में विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा मंथन होगा। इसके लिए क्या तैयारी करनी है इसका फैसला अभी से किया जाएगा। इसके अलावा राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव और छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाएगा। कुछ अन्य एजेंडों पर भी चर्चा होगी। कार्यसमिति के एजेंडे मंगलवार को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक और कोर ग्रुप में तय करके इनको अंतिम रूप दिया गया है।

प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के साथ ही सभी कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश के पदाधिकारी, प्रदेश के सभी सांसद, विधायक, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगर पंचायतों और पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ ही सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिलों और संभाग के प्रभारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, संयोजक, सहसंयोजक शामिल होंगे।

### बैठक और कोर ग्रुप में एजेंडों पर मंथन

*कार्यसमिति से पहले प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ठाकरे परिसर में मंगलवार की शाम को हुई। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित सभी पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में कार्यसमिति के लिए एजेंडों पर मंथन किया गया। इसी के साथ अब तक संगठन में हुए कामों की समीक्षा की गई। इसके बाद कोर ग्रुप की बैठक में एजेंडों को अंतिम रूप दिया गया। कार्यसमिति में विशेष रूप से अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी। इसमें बूथों को मजबूत करना रोडमैप तैयार करने पर चर्चा होगी। सबसे अहम लोकसभा में केंद्र सरकार ने जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया था, उसको विपक्ष ने मंजूर होने नहीं दिया। ऐसे में विपक्ष के खिलाफ राजनीति प्रस्ताव में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। इसी के साथ छत्तीसगढ़ के साथ देश भर से नक्सलवाद समाप्त होने को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव भी लाया जाएगा। कार्यसमिति में संगठन के आने वाले तीन माह के लिए कार्ययोजना पर चर्चा होगी। इसमें कई कार्यक्रम तय होगी। संगठन ने अब तक क्या-क्या काम किए हैं इसको लेकर समीक्षा होगी। कार्यसमिति में राष्ट्रीय और प्रदेश के नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा।*

### छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर कम सीएम साय ने कहा- प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था की निशानी




*छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 2.3 प्रतिशत होने और राष्ट्रीय स्तर से काफी कम बेरोजगारी दर होने के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। खास बात ये है कि हरिभूमि ने 12 जनवरी को यह समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था।*

***सीएम साय ने कही ये बात:*** *भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पीएलएफएस 2025 सर्वे में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर का राष्ट्रीय औसत से काफी कम होकर 2.3 प्रतिशत पर रहना प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था, ग्रामीण आजीविका और रोजगारोन्मुखी नीतियों का सकारात्मक संकेत है। खेती, वनोपज, स्वरोजगार, लघु उद्योग, कौशल विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हमारी सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य केवल रोजगार के आंकड़े बेहतर करना नहीं, बल्कि युवाओं को सम्मानजनक अवसर, बेहतर आय और आत्मनिर्भरता से जोड़ना है। हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ का प्रत्येक युवा, किसान, महिला और श्रमिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तथा प्रदेश में विकास और रोजगार के नए अवसर लगातार सृजित होते रहें।*

# सीमेंट कंपनी के खिलाफ जारी धरने में ग्रामीण दूसरे दिन भी डटे रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी हिरमी में विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को शुरू हुआ। धरना प्रदर्शन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर किसान, श्रमिक, स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ स्थानीय हितों की अनदेखी, रोजगार में भेदभाव तथा किसानों की समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के स्थानीय श्रमिकों और किसानों की मांगों की अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने जिले के सभी संयंत्रों में समान मजदूरी दर लागू करने, आसपास के स्थानीय श्रमिकों को रोजगार में प्राथमिकता देने तथा निकाले गए श्रमिकों को पुनः कार्य पर रखने की मांग उठाई। इसके साथ ही किसानों की जमीन से जुड़े मामलों, उचित मुआवजा एवं रोजगार देने, प्रभावित गांवों की शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने तथा कंपनी द्वारा सीएसआर मद की राशि का पारदर्शी उपयोग करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। प्रदर्शनकारियों ने श्रमिक दुर्घटनाओं को छिपाने एवं श्रम कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात प्रशासन और कंपनी प्रबंधन तक पहुंचाई। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा।

# समाधान शिविर में प्राप्त 124 आवेदनों में सबसे ज्यादा 54 नगरपालिका के



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

नगरपालिका सिमगा में सुशासन तिहार अंतर्गत आज सांस्कृतिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में वार्ड क्रमांक 8 से वार्ड क्रमांक 15 तक के नागरिक शामिल हुए। शिविर में कुल 124 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें सबसे ज्यादा नगरपालिका के 54, राजस्व विभाग के 33 एवं खाद्य विभाग के 15 आवेदन शामिल हैं। समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुवती महिलाओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प लगाया गया था वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थल में ओआरएस घोल क्री भी व्यवस्था क्री गयी थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चश्मा वितरण किया गया। समाधान शिविर में किसान नेता अनिल पांडे, उपाध्यक्ष विकास सोनकर, पार्षदगण टैबू देवांगन, सचिन जैन, कुंजबाई कोसले, याकूब कुरैशी, अभिजीत अवस्थी, छोटू यदु, नगर पालिका सीएमओ शशिभूषण श्रीवास्तव, इंजिनियर कोकिला प्रधान, पुष्कर नायक, जाबिर अली, रघुनाथ साहू भगवान दास, कन्हैया जांगड़े, तोरण गिरी, महेंद्र मिश्रा, परस साहू, कमल देवांगन, थान सिंह दीवान, हरीश साहू सहित सभी विभाग के कर्मचारी उपस्थित हुए।

# धीमी सड़क मरम्मत से बढ़ी लोगों की परेशानी



**खरोरा।** मोहरेंगा, भरुवाडीह कला और कठिया मार्ग पर इन दिनों सड़क मरम्मत कार्य की धीमी रफ्तार से क्षेत्रवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। मार्ग निर्माण कार्य जारी होने के बावजूद काम बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले ग्रामीणों, विद्यार्थियों और वाहन चालकों को धूल के घने गुबार के बीच सफर करना मजबूरी बन गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि कई बार सड़क पर सामने का रास्ता तक दिखाई देना मुश्किल हो जाता है। भरुवाडीह कला निवासी धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि सड़क पर उड़ रही अत्यधिक धूल के कारण राहगीरों को सांस लेने में परेशानी हो रही है, वहीं दमा, अस्थमा एवं अन्य श्वास संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह समस्या और भी विकट बन गई है। उन्होंने कहा कि मार्ग पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं होने से धूल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा लोगों की सुविधा और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुबह-शाम नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र उचित व्यवस्था नहीं की गई तो यह समस्या और गंभीर रूप धारण कर सकती है।

# सुविधा के लिए बनी उप तहसील अब लोगों के लिए बनी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसा

ग्रामीणों की सुविधा और राजस्व संबंधी कार्यों के त्वरित निपटारे के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव कुमार डहरिया की अनुशंसा पर शुरू किया गया उप तहसील कार्यालय समोदा अब अपनी बदइंतजामी और कर्मचारियों के अड़ियल रवैये के कारण चर्चा में है। आलम यह है कि जिस कार्यालय को लोगों की मदद के लिए बनाया गया था, वहां अब आम आदमी को भीषण गर्मी में सिर्फ तारीख पर तारीख मिल रही है।

- **बाबू के व्यवहार और तारीख पर तारीख से जनता त्रस्त**

ताजा मामला ग्राम भैंसा का है, जहां के निवासी हिरावन दास वर्मा अपने जमीन के रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार के लिए पिछले एक महीने से कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने बाबू दिनेश कुमार गोस्वामी से कई बार व्यक्तिगत रूप से और फोन पर संपर्क किया, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। कड़ी धूप में भटकने के बाद उन्हें 13 मई की पेशी दी गई थी, लेकिन आज भी काम होने के बजाय उन्हें अगली तारीख थमा दी गई। क्षेत्र की जनता में कार्यालय के बाबू दिनेश कुमार गोस्वामी के प्रति भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारी जनता से सीधे मुंह बात नहीं करते और हमेशा अकड़ में रहते हैं। नामांतरण, खसरा-खतौनी और सीमांकन जैसे जरूरी कार्यों के लिए लोगों को महीनों तक दौड़ाया जाता है। नागरिकों का कहना है कि यह कार्यालय सुविधा के बजाय सजा का केंद्र बन गया है, जहाँ तपती गर्मी में भी बुजुर्गों और गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है।



### मेरा काम सिर्फ फाइल आगे बढ़ाना

मैं अपना काम कर रहा हूं। मेरा काम फाइल बनाकर आगे भेजना है, जो मैं कर रहा हूं। बाकी का काम और निर्णय लेने की जिम्मेदारी ऊपर के अधिकारियों की है।

**दिनेश गोस्वामी**, उप तहसील कार्यालय समोदा

# वट सावित्री व्रत और शनि जयंती पर बन रहा दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

इस वर्ष शनिवार के दिन वट सावित्री व्रत एवं शनि जयंती का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे इस दिन का धार्मिक महत्व कई गुना बढ़ गया है। ज्योतिषाचार्य एवं धर्माचार्य पं धनंजय शर्मा के अनुसार यह संयोग सौभाग्य, दीर्घायु, कर्मफल शुद्धि और शनि दोष शांति के लिए अत्यंत शुभ माना जा रहा है। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक आयोजनों की तैयारियाँ प्रारंभ हो गई हैं।



वट सावित्री व्रत मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना के लिए रखा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, बुद्धि और पतिव्रत धर्म से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से यह व्रत पतिव्रता नारी के आदर्श रूप में मनाया जाता है।

इस दिन महिलाएँ वट वृक्ष (बरगद) की पूजा कर उसकी परिक्रमा करती हैं तथा रक्षा सूत्र बांधकर परिवार के मंगल की प्रार्थना करती हैं। वट वृक्ष को त्रिदेवों का स्वरूप माना गया है। इसी दिन न्याय एवं कर्मफल के देवता भगवान शनिदेव का प्राकट्य दिवस भी मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि शनिदेव व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। शनि जयंती पर तिल का तेल, काला तिल, उड़द एवं दीपदान का विशेष महत्व बताया गया है। शनिवार के कारण इस बार शनि पूजा का प्रभाव और अधिक फलदायी माना जा रहा है। श्रद्धालु शनि मंदिरों में जाकर तेलाभिषेक, हनुमान चालीसा पाठ एवं दान-पुण्य करेंगे पं जी के अनुसार वट सावित्री व्रत और शनि जयंती का एक साथ पड़ना अत्यंत शुभ संकेत माना जाता है। इससे परिवार में सुख-शांति, वैवाहिक जीवन में मधुरता तथा शनि संबंधी बाधाओं से राहत मिलने की मान्यता है।

# बैज बोले- दूसरे लॉकडाउन की ओर बढ़ रहा देश, केंद्र बुलाए सर्वदलीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, देश धीरे-धीरे दूसरे लॉकडाउन जैसी स्थिति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार जिम्मेदारी लेने के बजाय जनता से त्याग और कम उपयोग की अपील कर रही है। उन्होंने महंगाई, ईंधन संकट, बेरोजगारी और बढ़ती कीमतों को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है।

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में दीपक बैज ने कहा, पिछले दो महीनों से देशभर में पेट्रोल, डीजल और गैस संकट गहराता जा रहा है, जबकि आम जनता लगातार महंगाई की मार झेल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को सचेत करते रहे, लेकिन मोदी सरकार महंगाई की सच्चाई छुपाती रही।




### मोदी कह रहे घर में बैठो, काम मत करो

श्री बैज ने प्रधानमंत्री की वर्क फ्रॉम होम और कम यात्रा की अपील पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, फील्ड में काम करने वाले, फेरी लगाने वाले, ठेला चलाने वाले और रोज कमाकर खाने वाले लोग घर बैठकर कैसे जीएंगे। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था आराम हराम है, लेकिन आज मोदी सरकार लोगों को घर में बैठने की सलाह दे रही है। मोदी सरकार के कार्यकाल में रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। खाद्य तेल, दाल, गैस, दूध और रोजमर्रा की जरूरी चीजों के दाम लगातार बढ़े हैं। गृहिणियां अब हर चीज में कटौती करने को मजबूर हैं। 2013 की तुलना में 2026 में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कई गुना वृद्धि हुई है।

अब जनता से त्याग करने की बात कर रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की अपील ने लोगों को राहत देने के बजाय उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है।

## पेज 9 का शेष

### अधंड से टूटे बिजली...

व्यवस्था बाधित रही। वहीं रेल्वे स्टेशन में ओएचई हाई टेंशन विद्युत लाईंन का तार टूट गया। तेज हवा के चलते प्लेटफार्म का टीन शेड उखडकर हाई टेंशन तार पर गिर गया, जिसके चलते मिडिल लाइन का तार टूटकर रेल लाइन में गिर गया। स्टेशन मैनेजर अजय सिंह ने बताया तार टूटने के बाद तत्काल इसकी जानकारी ओएचई विभाग को दी गई, जहां से तार की विद्युत सप्लाई को डिस्कनेक्ट किया गया और रेलवे के ओएचई विभाग द्वारा सुधार कार्य शुरू किया गया।

### चोरी करने के ...

वह छत के रास्ते घर में दाखिल हुआ। उसने टिन शेड को मोड़कर अंदर प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सामान में से एक गैस सिलेंडर और 3,900 नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 331(4) और 305 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

## खबर संक्षेप

### गुलाब यदु बने पलारी ब्लॉक कांग्रेस पलारी के महामंत्री

पलारी। संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नई नियुक्तियां की गई हैं।



इसी क्रम में गुलाब यदु ग्राम सीतापार को पलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए गुलाब यदु ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए कसडोल विधायक संदीप साहू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे के प्रति अपना आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे। गुलाब यदु ने आगे कहा कि मेरा मुख्य लक्ष्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना और आने वाले समय में कांग्रेस संगठन को ब्लॉक स्तर पर और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाना होगा। इस नियुक्ति पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गुलाब यदु को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है और उम्मीद जताई है कि उनके अनुभव से ब्लॉक स्तर पर पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।

### जिला स्तरीय यादव प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा 22 से

पलारी। नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 15 स्थित खेल मैदान में 22 मई से जिला स्तरीय यादव प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नगर में इस तरह का पहला आयोजन है। प्रतियोगिता को लेकर यादव समाज एवं खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस आयोजन में बलौदाबाजार जिले भर के यादव समाज के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 30 हजार नगद एवं शील्ड, उपविजेता टीम को 20 हजार नगद एवं शील्ड तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 10 हजार नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए कई आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। यादव समाज के प्रदेश महामंत्री लोकेश यदु ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करेगा और जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

### विभा शर्मा ने अंचल का नाम किया रोशन

सुहेला। सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम आज दोपहर 2 बजे घोषित किया गया, जिसमें



आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल ग्रासिम विहार रावन की छात्रा विभा शर्मा ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। विभा शर्मा, सुहेला निवासी राकेश शर्मा की सुपुत्री हैं। विभा शर्मा की इस उपलब्धि से परिवार सहित नगर एवं विद्यालय में खुशी का माहौल है। छात्रा ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता प्राप्त कर माता-पिता के साथ-साथ पूरे अंचल को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलतपाल, युगल किशोर वर्मा, राजु शर्मा जनपद सदस्य भानु प्रताप वर्मा, भुनेश्वर वर्मा मयंक मनीष देवा धृतलहरे राजेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विभा शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय परिवार ने भी विभा शर्मा की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# एक पत्रकार की समाचार शैली सरल, स्पष्ट और प्रभावी हो

**कॉलेज में पत्रकारिता प्रशिक्षण एवं भाषाई दक्षता इंटर्नशिप पर व्याख्यान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ में आयोजित सात दिवसीय पत्रकारिता प्रशिक्षण एवं भाषाई दक्षता इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने भाषाई दक्षता विषय पर प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में बिलाईगढ़ एवं भटगांव महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता में भाषा का विशेष महत्व होता है। एक पत्रकार का दायित्व है कि वह सही समाचार को सरल, स्पष्ट एवं प्रभावी भाषा में प्रस्तुत करें। उन्होंने विद्यार्थियों को पल्लवन, मुहावरा, लोकोक्ति तथा संक्षेपण जैसे महत्वपूर्ण भाषाई पक्षों की जानकारी दी और भाषा ज्ञान को पत्रकारिता की आत्मा बताया।

कार्यक्रम संयोजक सुनीता विक्रम कोसले ने संपादन कला की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक सफल संपादक में स्पष्टता, संगति, सामंजस्य, शुद्धता तथा दृढ़ विश्वास जैसे गुणों का होना आवश्यक है। वहीं सहसंयोजक रेशम चौहान ने विद्यार्थियों का प्रस्तुतीकरण करवाने के बाद प्राचार्य के निर्देशन में शांतिपूर्ण ढंग से इंटर्नशिप परीक्षा संपन्न कराई।



#### सीखने और पत्रकारिता के प्रति विशेष उत्साह

कार्यक्रम का संचालन बिलाईगढ़ महाविद्यालय की छात्रा टिकेश्वरी मानिकपुरी ने सहज एवं प्रभावशाली शैली में किया, जिससे उपस्थित छात्र-छात्राओं में उत्साह का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में भटगांव एवं बिलाईगढ़ महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही, जिसकी प्राचार्य द्वारा सराहना की गई। बिलाईगढ़ महाविद्यालय की छात्रा अनीता देवांगन एवं भटगांव महाविद्यालय की छात्रा रूपांजलि साहू ने आभार प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों में सीखने और पत्रकारिता के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला।

## शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध

# सुशासन तिहार बना जनविश्वास का सशक्त माध्यम : अध्यक्ष अश्वनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के द्वितीय चरण अंतर्गत भाटापारा स्थित इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में जनकल्याणकारी गतिविधियों एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। साथ ही संबंधित विभागों को समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए।



कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की समुचित पहुँच सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया।

नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने वाला प्रभावी मंच बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुँचे शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पहुँचे। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं क्षेत्र के समग्र विकास हेतु लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका प्रतिबद्ध होकर कार्य करती रहेगी।



#### 500 से अधिक आवेदन मिले

बंगोली। जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत खौना में केंद्र व छग सरकार की सुशासन तिहार में योजनाओं सहित प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की स्टाल लगाकर आये आवेदकों की समस्याओं व मॉग पर आवेदन लिया गया। आवेदकों द्वारा पांच सौ से अधिक आवेदन जमा हुए, जिसमें आधे से अधिक आवेदनों का निराकरण तुरंत ही स्टाल में कर्मचारियों द्वारा किया गया। कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, महिला समूह को चेक वितरण, उज्ज्वला गैस योजना द्वारा गैस वितरण आदि अन्य विभाग व योजनाओं पर कार्यरत महिला पुरुषों को कीट वितरण किया गया। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, जिला सीईओ कुमार विश्वरंजन, एसडीएम, तिल्दा जनपद सीईओ रवि सर,मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी निलकमल पटेल सहित सरपंच,पंच,पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। सुशासन तिहार मे बरौण्डा, खौना, मढ़ी, बिठिया, बंगोली, कोदवा, तुलसी, जंजगीरा, गनियारी, मुड़पार, पिकरीडीह, धनसुली, मॉठ, कुर्रा, अड़सेना,बरतोरी, तिल्दाडीह, मोहदी, देवगॉव, गैतरा, असौंदा ग्राम पंचायत के आवेदकों ने आवेदन जमा किया।

# सेवा सेतु डिजिटल प्लेटफार्म पर 441 सेवाएं उपलब्ध



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा प्रशासनिक सेवाओं की आम नागरिक तक आसान पहुंच के लिये सेवा सेतु डिजिटल प्लेटफार्म लांच किया गया है। इसमें आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र से लेकर राशन कार्ड और भू-नक़ल तक की 441 से अधिक सेवाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

- सरकार ने नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने तय की समय- सीमा

कई कार्यालयों के चक्कर लगाने से मिली मुक्ति- एक काम के लिये कई कार्यालय का चक्कर लगाने से समय व श्रम की बर्बादी होती थी लेकिन सेवा सेतु ने इससे निजात दिलाया है।अब नागरिक घर बैठे या नजदीकी लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित समय-सीमा में सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। पुराने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर जहाँ केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं वहीं नए और उन्नत सेवा सेतु प्लेटफॉर्म पर अब 441 सेवाएं लाइव हैं।तकनीक को जन-जन तक पहुँचाने के लिए अब सेवा सेतु को व्हाट्सएप से भी जोड़ दिया गया है।

54 नई सेवाएं- इस नई सेवा में 54 नई सेवाओं के साथ विभिन्न विभागों की 329 री-डायरेक्ट सेवाओं का सफल एकीकरण किया गया है, जिससे नागरिकों को अलग-अलग पोर्टल्स पर भटकना नहीं पड़ता। छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में सेवा देना अब आवश्यक। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के सभी लोक सेवा केंद्रों में सेवा सेतु का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को कक्षा 12वी के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है, जिनमें अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल, लाहौद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में कॉमर्स संकाय की छात्रा आरना काले ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान संकाय से नेहल चौहान ने 90.4 प्रतिशत तथा नेहिल वर्मा ने 90.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार कॉमर्स संकाय के छात्र वंश बाजपेयी ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय से पूर्णेन्द्र बर्तमासी ने 89.2 प्रतिशत तथा कॉमर्स संकाय की छात्रा प्रीति जायसवाल ने भी 89.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का यह परिणाम है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मना अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नर्सों के योगदान और स्वास्थ्य सेवा में उनकी अहम भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के विकास खण्ड स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के स्वास्थ्य में नर्सों के अतुलनीय योगदान और उनके आर्थिक व सामाजिक महत्व को रेखांकित करना था। विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि जायसवाल ने कहा कि नर्से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। उन्होंने उनके निस्वार्थ सेवा भाव और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि नर्सों का सशक्तिकरण ही बेहतर भविष्य की नींव है। नर्सिंग के पेशेवर मूल्यों को अपनाने और सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

- हेल्थ सिस्टम में नर्सों के योगदान की सराहना की गई

#### कोविड काल की सेवाओ को किया याद

*बीएमओ ने कोविड-19 महामारी के दौरान नर्सिंग स्टाफ के योगदान को याद करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी नर्सों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और सेवा भाव से किया उन्होंने नर्सों की तुलना मां से करते हुए कहा कि मरीजों की देखभाल में उनका योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉ. श्रुति दुबे, डॉ. हरीश साहू एवं बीपीएम लकेश्वर बघेल तथा नर्सिंग इंचार्ज श्वेता मशीह एवं स्टाफ के समस्त स्टाफ नर्स सिस्टर उपस्थित थीं।*

# पत्रकारों की सुरक्षा और निष्पक्ष पुलिस कार्रवाई के लिए प्रेस क्लब ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

पत्रकारों की सुरक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने बुधवार को जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पत्रकारों के विरुद्ध दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई तथा जनहित से जुड़े मामलों में पत्रकारों द्वारा दिए गए आवेदनों पर अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं बरते जाने पर चिंता व्यक्त की गई।

प्रेस क्लब द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के अंतर्गत पत्रकारिता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त है तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसके बावजूद हाल के समय में जिले में ऐसे कई प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें पत्रकारों द्वारा जनहित में प्रस्तुत शिकायतों पर अपेक्षित वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई, जबकि पत्रकारों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर तत्काल सक्रियता दिखाई गई।



ज्ञापन में यह भी कहा गया कि प्रेस क्लब केवल सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत पीड़ितों के आवेदन प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है, लेकिन कई मामलों में वास्तविक आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय प्रेस क्लब पदाधिकारियों को ही बयान हेतु बुलाया जाता है, जिससे पत्रकारों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण बन रहा है। प्रेस क्लब ने मांग की कि पत्रकारों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष एवं तथ्यों पर आधारित जांच हो, झूठी एवं प्रतिशोधात्मक शिकायतों की सत्यता जांचने के बाद ही कार्रवाई की जाए तथा पत्रकारों एवं प्रेस क्लब द्वारा अग्रेषित शिकायतों पर त्वरित न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही पत्रकारों के सम्मानजनक व्यवहार एवं संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण हेतु स्पष्ट प्रशासनिक प्रोटोकॉल बनाए जाने की भी मांग की गई।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी, सचिव दलजीत सिंह चावला, कोषाध्यक्ष राजेश्वर गिरी, विजय तिवारी, राघवेंद्र सिंह, राजा वालेचा, श्रावण ध्रुव, पुष्पकांत मेजर, मिथलेश वर्मा, गोविंद रात्रे, लाकेश बघेल सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# अनिल गिदवानी बने पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के मुखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत का द्विवार्षिक चुनाव हुआ, जिसमें मतदान, मतगणना, रिकाउन्टिंग उपरांत चुनाव अधिकारी रूपेश किंगरानी ने प्रत्याशी अनिल गिदवानी को विजयी घोषित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल गिदवानी ने 12 मई को स्थानीय मन्दिर श्री गोदड़ी वाला धाम में सभी पूर्व मुखियों - अध्यक्षों - वरिष्ठजनों एवं समाजजनों की उपस्थिति में संपूर्ण कार्यकारिणी के साथ ईश्वर एवं ईष्ट श्री वरूण देव झूलेलाल सांईजी की आराधना करते हुए समाज के विकास के लिए बिना किसी भेदभाव के संपूर्ण समाज के हित के लिए कार्य करने की शपथ ग्रहण की। पूज्य सेन्ट्ल पंचायत, भाटापारा की 2026-28 की



कार्यकारिणी में अध्यक्ष- अनिल गिदवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष - निर्मलदावानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष- जयराम बजाज एवं मुकेश थारानी, महासचिव- योगेश मंधानी, सचिव- अजय मंधानी, सहसचिव - प्रतापराय ठाकुर, कोषाध्यक्ष - राजेश तलरेजा, आडिटर - संजय सबलानी, वरिष्ठ सलाहकार - सुदामा मंधान, अनिल रोचलानी, प्रहलादराय लक्षवानी, फैसला समिति सदस्य - लक्षमणदास थारानी, परमानन्द केसवानी, जयपालठाकुर, नन्दलाल हबलानी, वाच रहंदामल गेहाणी, राकेश मंधानी, कार्यकारिणी सदस्य- दरवेश हबलानी, मोती जोधवानी, श्रीचन्द छाबडिया, संतोष सबलानी, सुनिल गिदवानी, जयराम काछेला, नरेन्द्र पुंशी, हरीश निहलानी, कैलाश सबलानी,राधे किंगरानी,धीरज निहलानी,शेरू किंगरानी, रामचन्द्र सचदेव, नरेश मौर्य, विनोद तलरेजा,श्रीचंद शोभवानी,अनिल गंगवानी,मनीष सचदेव, उमेश बजाज, हरीश मंधान, संजय ईदवानी, मनोहर सबलानी,राजकुमार वलेचा, सुरेश गोदवानी, किशोर सोनी, हरीश जसवानी, हीरानन्द संतवानी, वेद थारानी, कमल धर्मानी, सुमित बत्रा, एवं सुशील मौर्य शपथग्रहण कार्यक्रम का सुन्दर संचालन करते हुए नगर के उद्योगपति राकेश भाई ईदवानी ने आए।




# डुमरपाली में शंकरा गोत्रीय परिवार सम्मेलन

गिधौरी। अखिल भारतीय अघरिया समाज देवरी सोनाखान क्षेत्र के अंतर्गत शंकरा गोत्रिय परिवार सम्मेलन ग्राम डुमरपाली में हुआ। इस कार्यक्रम में देवानंद नायक अध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज देवरी सोनाखान, युधिष्ठिर नायक युवा अध्यक्ष देवरी सोनाखान शामिल रहे। शंकरा गोत्रिय परिवार सम्मेलन प्रति वर्ष एक बार आयोजित किया जाता है, जहां परिवार के सुख दुख के संबंध में चर्चा की जाती है। यहां पुरुषों के साथ महिलाएं भी बढ़ चढ़ के हिस्सा लेती है, जहां सबका विचार, परामर्श, सलाह, लेकर परिवार को संगठित रखने एवं आगे बढ़ाने के लिए विचार विमर्श किया जाता हैं। सम्मेलन में ग्राम डुमरपाली, देवरूम, चांदन, पकरीद, बाघमाड़ा, करमेल, कसीहाबहारा, देवताराई, बिटकुली, लक्ष्मीपुर, मुगल भांटा आदि ग्रामों के सैकड़ों परिवार जन शामिल रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## हनुमानजी की प्रतिमा को फेंकने वाली मानसिक रूप से बीमार निकली

**भाटापारा।** हटरी बाजार स्थित मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा को फेंक दिया गया है, कि सूचना पर थाना भाटापारा शहर पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची। पुलिस द्वारा घटनास्थल निरीक्षण पर पाया गया कि हनुमानजी का एक छोटा मंदिर है, जिसमें हनुमानजी की दो मूर्तियां स्थापित है, जिसमें दोनों मूर्तियों को अपने स्थान से हटाकर मंदिर में ही फेंक दिया गया है तथा मूर्तियों में पहने लंगोट कपड़े को भी अलग कर दिया गया है। तत्पश्चात पुलिस द्वारा तुरंत मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन की, जिसमें एक विक्षिप्त महिला द्वारा मंदिर अंदर घुसकर हनुमानजी की प्रतिमा को फेंकना पाया गया है। तत्संबंध में हनुमानजी की प्रतिमा को फेंकने वाले आरोपी के रूप में विक्षिप्त महिला की पहचान हो गई है। पुलिस द्वारा उक्त विक्षिप्त महिला को न्यायालय के आदेश उपरांत मानसिक सुधार केंद्र सेंदरी बिलासपुर भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सिस्टर नहीं मरीजों की 'मदर' बनकर सेवा कर रही नंदा

**रायपुर।** पचास बिस्तर के शहरी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र आयुर्वेद हास्पिटल परिसर में वैसे तो नंदा नर्सिंग स्टाफ है मगर मरीजों के लिए वह मदर की भूमिका निभा रही है। छोटे से लेकर बुजुर्ग मरीजों का ख्याल रखने अक्सर वह नाइट ड्यूटी करती है।

निधन

## तिलक वर्मा

**भाटापारा।** महावीर वार्ड निवासी सुहेला बिटकुली वाले तिलक वर्मा



33 वर्ष का निधन हो गया। वे शिवशंकर वर्मा के सुपुत्र व पीताम्बर वर्मा के भतीजे थे। अंतिम संस्कार रावण भट्ठा मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें सामाजिक एवं नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

खेती : डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग पर जोर

# खरीफ के लिए समितियों में 28 हजार 899 मेट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार




राज्य शासन के मंशा अनुरूप एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में आगामी खरीफ सीजन के लिये समितियों में उर्वरक भण्डारण किया जा रहा है। जिले को यूरिया 42930, डीएपी 16500, पोटाश 3500, एसएसपी 8000 तथा एनपीके 14500 कुल 85430 मिट्रिक टन का उर्वरक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरुद्ध उर्वरक भण्डारण यूरिया 15390, डीएपी 3692, पोटाश 1859, एसएसपी 3994 तथा एनपीके 3964 कुल 28899 मिट्रिक टन हो चुका है।अब तक यूरिया 1660, डीएपी 392, पोटाश 1764, एसएसपी 233 तथा एनपीके 226 कुल 2553 मिट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। जिले में उर्वरक भण्डारण वितरण का कार्य निरंतर जारी है।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि डीएपी की एक बोरी के बराबर पोषक तत्व अन्य विकल्पों से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि 1 बोरी डीएपी के स्थान पर 3 बोरी एसएसपी के साथ 20-25 किलो यूरिया, या 1.5 बोरी एनपीके या 2 बोरी अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा 1 बोरी टी.एस.पी. के साथ 2 बोतल नैनो यूरिया (500 मिली) और 2 बोतल नैनो डीएपी (500 मिली) भी प्रभावी विकल्प हैं।

### वैकल्पिक उर्वरकों पर जोर

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार केवल डी.ए.पी. पर निर्भर रहना न केवल जोखिम भरा है, बल्कि इससे मिट्टी का संतुलन भी बिगड़ सकता है। बेहतर फसल उत्पादन और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए संतुलित उर्वरकों का उपयोग बेहद जरूरी है। धान जैसी प्रमुख खरीफ फसल के लिए यूरिया, सुपर फॉस्फेट, पोटाश और एनपीके जैसे उर्वरकों का सही मात्रा में प्रयोग करना लाभकारी साबित होता है तथा डीएपी पर निर्भरता कम कर इसे वैकल्पिक उर्वरक के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही कृषकों को नील हरित काई, हरी खाद तथा जैव उर्वरक (बायो-फर्टिलाइजर्स) का उपयोग करने हेतु भी सलाह दिया गया है, जो की रासायनिक उर्वरको के निर्भरता पर कमी लाएगी। किसान बोरियों वाली खाद के स्थान पर नैनों यूरिया एवं नैनो डीएपी (तरल) को प्राथमिकता दें। यह न केवल परिवहन में आसान है बल्कि इसकी उपयोग क्षमता 90 प्रतिशत तक है। इसके छिड़काव से फसल को सीधा पोषण मिलता है और जमीन भी खराब नहीं होती ।

## सुहेला सोसायटी में रासायनिक खाद वितरण प्रारंभ



**सुहेला।** खरीफ सीजन की तैयारी को देखते हुए सुहेला प्राथमिक सहकारी समिति में किसानों के लिए रासायनिक खाद वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। खाद वितरण शुरू होते ही बड़ी संख्या में किसान समिति पहुंच रहे हैं। किसानों को उनकी लिखाई गई लिमिट एवं आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जा रहा है।

समिति में मुख्य रूप से यूरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश, एनपीके, डीएपी तथा नैनो यूरिया जैसी रासायनिक खाद का वितरण किया जा रहा है। पहले दिन लगभग 35 से 50 किसानों को खाद वितरित किया गया। वहीं समिति द्वारा निर्धारित लिमिट के अनुसार आने वाले दिनों में करीब 800 से 1000 किसानों को खाद वितरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। खाद लेने पहुंचे किसान दारस साहू, राम कुमार साहू, फेंकू वर्मा, गोपी यादव, रिखीराम एवं हालेन्द्र वर्मा ने बताया कि समय पर खाद मिलने से खेती कार्य में सुविधा होगी और बोआई की तैयारी बेहतर तरीके से की जा सकेगी। किसानों ने शासन एवं समिति प्रबंधन की व्यवस्था की सराहना की। खाद वितरक संतोष पाल ने बताया कि किसानों को शासन के




निर्देशानुसार व्यवस्थित रूप से खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है तथा किसानों को उनकी पात्रता एवं लिमिट के अनुसार वितरण किया जा रहा है। वहीं समिति प्रबंधक शिवदास मानिकपुरी ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए समिति में सुचारु व्यवस्था बनाई गई है। आने वाले दिनों में भी लगातार खाद वितरण जारी रहेगा ताकि सभी किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराया जा सके।

## संयंत्र ने लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्राम पंचायत सेम्हराडीह में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना था। इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा निर्देश तथा एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं चिकित्सक दल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिविर का शुभारंभ सेम्हराडीह सरपंच प्रमीला वर्मा, उपसरपंच देवनाथ साहू एवं पंचगण, पिपराही सरपंच प्रतिनिधि राकेश वर्मा तथा चिकित्सा टीम डॉ. साकेत मेहता (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. शुभम साव हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. विदया स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. श्रवण कुमार चिकित्सा निदेशक और देवेन्द्र सिंहा श्री राम हॉस्पिटल प्रबंधन प्रमुख एवं टीम की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट सयंत्र से डॉ. रोहित यादव, डॉ. धीरज भुआ, माईस से हेमंत वर्मा तथा सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा उपस्थित थे। सेम्हराडीह ग्राम से शिविर में 79 मरीजो ने स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवाओं का लाभ प्राप्त किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर टीम के दया वर्मा, परमेश्वर साहू, ग्राम की मितानिन बहनों तथा ग्रामीण जनता का विशेष सहयोग रहा।







नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740